## पेज 57

**प्रश्न 1:**

कार्बन और सोडियम के परमाणुओं के लिए इलेक्ट्रान-वितरण लिखिए।

**उत्तर 1:**

कार्बन के परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 6

अतः, इलेक्ट्रान-वितरण

| K | L |
|---|---|
| 2 | 4 |

सोडियम के परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 11

अतः, इलेक्ट्रान-वितरण

| K | L | M |
|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 |

**प्रश्न 2:**

अगर किसी परमाणु का K और L कोश भरा है, तो उस परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या क्या होगी?

**उत्तर 2:**

K कोश में इलेक्ट्रॉनों की कुल संख्या = 2

L कोश में इलेक्ट्रॉनों की कुल संख्या = 8

इसलिए, कुल इलेक्ट्रॉन = 2 + 8 = 10

अतः, उस परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या 10 होगी।